संख्या:177/2016/2128जेएल/22-3-16-100(122)/2015

प्रेषक,

आर0के0 दिवेदी,
विशेष कार्याधिकारी,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-3 ***लखनऊ: दिनांक: 17 मई, 2016***

विषय: जिला कारागार, सहारनपुर में निरूद्ध विचाराधीन बंदी बृजेश सिंह उर्फ अरूण कुमार सिंह पुत्र श्री रविन्द्रनाथ सिंह, निवासी जनपद-वाराणसी के स्थानान्तरण के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-13855/सामा-1(3)/वि0बं0बृजेश सिंह/स्था0/16, दिनांक 10-05-2016 में की गयी संस्तुति एवं मा0 न्यायालय, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/त्वरित न्यायालय, गाजीपुर के आदेश दिनांक 18-01-2016 में की गयी अपेक्षा के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उ0प्र0 जेल मैनुअल के प्रस्तर-128 सपठित-409ए में निहित प्राविधानों के अनुसार जिला कारागार, सहारनपुर में निरूद्ध विचाराधीन बंदी बृजेश सिंह उर्फ अरूण कुमार सिंह पुत्र श्री रविन्द्रनाथ सिंह को केन्द्रीय कारागार, वाराणसी में स्थानान्तरित किये जाने की स्वीकृति **इस शर्त के अधीन प्रदान की जाती है कि बंदी को स्थानान्तरित किये जाने से पूर्व विशेष अनुज्ञा याचिका संख्या-1735-1739/2012-महाराष्ट्र राज्य बनाम सईद सुहैल शेख व अन्य में मा0 सर्वोच्च न्यायालय द्वारा प्राविधानित व्यवस्था के अनुसार समस्त मा0 विचारण न्यायालयों की पूर्वानुमति वरिष्ठ अधीक्षक, जिला कारागार, सहारनपुर द्वारा अवश्य प्राप्त कर ली जायेगी।**

2- कृपया उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराते हुए कृत कार्यवाही की अनुपालन आख्या शासन को अविलम्ब उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(आर0के0 दिवेदी)
विशेष कार्याधिकारी।

संख्या:177/2016/2128जेएल(1)/22-3-16-उक्तदिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. जिला मजिस्ट्रेट/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर।
2. जिला मजिस्ट्रेट/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, वाराणसी।
3. वरिष्ठ अधीक्षक, जिला कारागार, सहारनपुर/केन्द्रीय कारागार, वाराणसी।
4. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(आर0के0 दिवेदी)
विशेष कार्याधिकारी।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in